## मुंबई से 34 लाख का हीरा चुराकर हांगकांग भाग रहे 'चीनी नागरिकों' को पुलिस ने दबोचा

मुंबई,(आरएनएस)। पुलिस ने मुंबई के गोरेगांव के नेस्को परिसर में चोरी हुए लाखों के हीरों को सिर्फ 3 घंटों में खोज निकाला। दो चीनी नागरिकों ने सोमवार को गोरेगांव में चल रही रत्नों की प्रदर्शनी से 34 लाख रुपये के हीरे चुरा लिए थे। ये चीनी हवाई अड्डे पर तीन घंटे के भीतर पकड़े गए, जहां वे दिल्ली होते हुए हांगकांग जाने वाली फ्लाइट की प्रतीक्षा कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए चीनी नागरिकों के पास से चुराए गए हीरे, मोबाइल और चीनी पासपोर्ट जब्त किए हैं। दोनों पर आईपीसी की धारा 379, 420 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है। कोर्ट ने इन्हें 7 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। इस मामले में पुलिस और अन्य विभागों के बीच गजब का समन्वय देखने को मिला, जिसके परिणामस्वरूप महज 3 घंटे में चोर सलाखों के पीछे पहुंच गए। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के डायरेक्टर जनरल ओपी सिंह ने बताया, 'यह भारत की बहुत प्रतिष्ठित प्रदर्शनी है, इसलिए चोरी हुए हीरे की वसूली बहुत महत्वपूर्ण थी।' अडिशनल सीपी प्रधान के अनुसार, गोरेगांव स्थित नेस्को परिसर में 27 से 31 जुलाई तक सोने और हीरे के गहनों की एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी लगी थी। 31 जुलाई को वनराई पुलिस में एक स्टॉल धारक ने मामला दर्ज कराया कि करीब 34 लाख रुपये कीमत का 5.43 कैरट का एक हीरा चोरी हो गया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने नेस्को परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो चीनी ना÷रिक संदिग्ध दिखे। पुलिस ने इसकी सूचना एयरपोर्ट अधिकारी और सीआईएसएफ को दी। इसके बाद दोनों चीनी नागरिकों को एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। हिरासत में लेकर जब जांच की गई तो इनके पास से 5 एमएम की एक शैंपू बोतल मिली, जिसमें चुराए गए हीरे रखे हुए थे। पुलिस के लिए सबसे बड़ी मुश्किल चीनी नागरिकों को गिरफ्तार करने के बाद सामने आई। दरअसल, पुलिसवालों को चीनी भाषा नहीं आती थी, लेकिन हिरासत में लिए गए चीनी नागरिक अपनी भाषा में ही बात कर रहे थे। ऐसे में एक दुभाषिए की मदद से पुलिस ने करीब 8 घंटे तक दोनों से पूछताछ की, जिसके बाद इन्होंने जुर्म कबूल कर लिया।

## गिफ्ट शॉप में चोरी करने वाला नाबालिगों का गैंग चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर,(आरएनएस)। शहर के पंडरी इलाके में संचालित एक गिफ्ट शॉप में चोरी के मामले में पुलिस ने नाबालिगों के एक गैंग को पकड़ा है। आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी पार कर दिया था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी गेट स्थित बाब मार्ले गिफ्ट शॉप में अज्ञात चोरों ने प्रवेश कर हजारों का माल पार किया था। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने सामानों के साथ ही दुकान में सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीवी का डीवीआर भी पार कर दिया था। इस मामले में दुकान संचालक सोहेले एहसान के कर्मचारी भप्पी कुमार ध्रुव पिता रामेश्वर ध्रुव 21 वर्ष तरूण नगर शिव मंदिर के पास पण्डरी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया था। अज्ञात चोरों ने दुकान से ईलेक्ट्रानिक लाईटर 15 नग, गैस लाईटर 70 नग, हाथ घड़ी 80 नग, स्टॉप वाच 5 नग, नकली चैन 3 नग, खिलौना, कैमरा, डी.व्ही.डी.,मानिटर सहित नगदी रकम पार कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में दुकान के आसपास लगे अन्य सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला तो आरोपियों का हुलिया मिल गया। इस आधार पर मुखबीरों को सक्रिय किया गया। मुखबीर से सूचना मिली कि मौदहापारा में रहने वाले कुछ नाबालिग चोरी का माल बेचने का प्रयास कर रहे हैं। इस आधार पर जब पुलिस ने नाबालिगों को पकड़कर पूछताछ किया तो उन्होंने चोरी की बात स्वीकार कर ली।

## राज्य सभा चुनाव में नोटा के मुद्दे पर कांग्रेस पहुंची सुप्रीम कोर्ट

दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस की गुजरात इकाई ने राज्य सभा चुनाव के दौरान नोटा का विकल्प दिए जाने का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मामले में कल यानि गुरुवार को सुनवाई हो सकती है। कांग्रेस चुनाव आयोग की ओर से गुजरात राज्य सभा चुनाव में नोटा का विकल्प दिए जाने को लेकर जारी नोटिफिकेशन का विरोध कर रही है। कांग्रेस चुनाव आयोग के इस कदम को असंवैधानिक करार दे रही है। कांग्रेस की ओर से गुजरात राज्य सभा चुनाव में नोटा का विकल्प दिए जाने को लेकर राज्यसभा में भी विरोध किया गया। कांग्रेस के सांसद आनंद शर्मा की ओर से नोटा का राज्यसभा में विरोध करते हुए कहा कि यह चुनाव को बिगाड़ता है, जिसके जवाब में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस विकल्प को कई वर्षों पहले लोगों को मुहैया कराया था, उस वक्त एनडीए की सरकार सत्ता में नहीं थी। बता दें कि गुजरात से राज्यसभा के लिए भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और बलवंतसिंह राजपूत चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस की ओर से अहमद पटेल पांचवी बार राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। हालांकि राजपूत चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी में थे। लेकिन उन्होंने 27 जुलाई को पार्टी बदलते हुए कांग्रेस पार्टी का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था।

## तोकापाल बना फाइनेंस कंपनियों के लिए घोटाले का अड्डा

**0 एक दर्जन से अधिक किसानों के साथ छल किये जाने की बात उजागर हुयी।**

जगदलपुर,(आरएनएस)। केसीसी के नाम पर पैसे दिलाने और फिर इस पैसे से किसान को ट्रेक्टर दिलाकर उन्नत खेती का शब्जबाग दिखाने वाले दलाल कितने सक्रिय हैं इसका खुलासा लगातार हो रहा है। तोकापाल ब्लाक के अलग-अलग इलाके से छलावे का शिकार हुए किसान अब अपनी पीड़ा लेकर विश्व हिन्दू परिषद के सदस्यों के पास पहुंच रहे हैं। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि किसान कितना दबा और कुचला हुआ है। अशिक्षित और बीपीएल स्तर के किसानों के लिए केसीसी का केस बनाया जाता है। दलाल इतने शक्तिशाली हैं कि उनके कहे अनुसार ही बैंक फाइनेंस की राशि उपलब्ध करवाती है। एक लिहाजे से देखें तो तोकापाल ब्लाक के ग्राम कुरेंगा के किसान बोटी कर्मा ने केसीसी के लिए अपनी 7 एकड़ तीस डिसमिल जमीन के दस्तावेज जमा किए थे। यूनियन बैंक ने इस किसान का केसीसी तीन लाख निर्धारित किया। दलाल बंशी निवासी शांतिनगर वार्ड के कहने पर बैंक अधिकारी ने किसान को दिए जाने वाले तीन लाख के एवज में महज पौने दो लाख रूपए दिया। बैंक की प्रोसिडिंग की बात करें तो जिस सवा 7 एकड़ भूमि के एवज में किसान को तीन लाख का ऋण मिलना था। अब उसी किसान को अपनी इसी जमीन के एवज में महज पौने दो लाख रूपए मिले और उसकी पूरी जमीन बंधक हो गई। किसानों के साथ बैंक की इस कार्रवाई को भी संज्ञान में लेना आवश्यक है। बैंक के ऋणी किसान को और कर्ज में डूबाने के लिए दलाल अब फाइनेंस कंपनी ले जाकर झोंक देता है। जब किसान कर्ज पटाने की स्थिति में नहीं होता है तो उसके साधन और संसाधन को जब्त कर लिया जाता है। कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाया जाता है और उसकी जानकारी या फिर उसे किसी तरह की सूचना दिए बिना ही उसके ट्रेक्टर को बेच दिया जाता है। पीड़ित जब न्याय की गुहार के लिए पुलिस के पास जाता है तो उसके हाथ खाली होते हैं और पुलिस भी उसकी खास मद्द नहीं करते दिखती है। प्रशासन के दरवाजे पर जब वह पहुंचता है और आपबीती बताता है वह दलाल के नाम को भी उजागर करता है बावजूद इसके पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई सिफर ही दिखती है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि रसूकदार ट्रेक्टर एजेंसी, फाइनेंस कंपनी, बैंक और दलाल के बीच किस तरह का गठबंधन है।

**एफआईआर पर किसानों की सुनवाई नहीं**

**केसीसी और फाइनेंस के नाम पर अपना सब कुछ दांव पर लगाने वाले किसान के पास पुलिस के सामने जाकर एफआईआर लिखाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य का अभाव होता है। जिस कारण पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।**

**दलाल हावी, मिलीभगत जारी**

**विहिप के मासोराम पोड़यामी के अनुसार किसानों को अपनी रकम लेने के ही दलालों को हजारों की भेंट चढ़ानी पड़ रही है। यह दलाल किसान के खाते का पैसा भी ले रहे हैं और इनकी बैंक व फाइनेंस कंपनी से भी सांठ-गांठ है। दलालों को ही मालूम होता है कि किस किसान का कितना पैसा जमीन के एवज में निकला है। इसका उपयोग वे किसानों को ट्रेक्टर दिलाने का लालच दिखाते करते हैं। किसानों को ऋण वाले पैसे के साथ फाइनेंस कंपनी के चक्कर में फंसा देते हैं। कुछ ऐसे मामले भी सामने आ रहे हैं जिसमें कि ट्रेक्टर कंपनी ने खुद ही किसान को जुलाई माह से लागू होने वाले जीएसटी के चलते फाइनेंस तो कर दिया है लेकिन ट्रेक्टर का इनवाइस भी नहीं काटा है।**

## बस्तर में बेरोजगारी की संख्या बढ़ी

जगदलपुर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारों का आंकड़ा करोड़ों में पहुंच गया है। विधानसभा के सत्र में चित्रकोट विधायक द्वारा प्रश्न के जवाब में मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने जो जानकारी उपलब्ध कराई है वह चिंता का विषय है। पूरे छत्तीसगढ़ में 22 लाख लोग बेरोजगारी की जद में हैं। वहीं बस्तर संभाग में पौने 3 लाख बेरोजगार हैं उनमें से सबसे ज्यादा कांकेर में तथा सबसे कम सुकमा में बेरोजगार हैं। लिखित बयान के अनुसार पूरे छत्तीसगढ़ में 22 लाख 84 हजार 691 बेरोजगार हैं जिसमें से बस्तर संभाग के बेरोजगारों का आंकड़ा 2 लाख 70हजार 923 हैं। जिसमें पुरुषों की संख्या 1 लाख 73 हजार 583 तथा महिलाओं की संख्या 97 हजार 340 हैं। जो कि प्रदेश के आंकड़े के हिसाब से 10 फीसदी बेरोजगारी बस्तर में ही हैं। विधानसभा से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कांकेर जिले में 76203 बेरोजगार जिसमें महिलाओं की संख्या 27539 तथा पुरुषों की संख्या 48664 है।


# CAREER SCHOOL

Topper Students




Admission Open

Behind Stadium Raigarh C.G.


## उ.कोरिया से बात करने का समय अब खत्मः अमेरिका

वाशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका ने कहा है कि उत्तर कोरिया को लेकर बात करने का समय अब खत्म हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत निक्की हेली ने कहा कि सुरक्षा परिषद का आपात सत्र आयोजित करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने आगाह किया कि उत्तर कोरिया द्वारा बार-बार किए जा रहे उल्लंघन को देखते हुए परिषद के एक और कमजोर प्रस्ताव से कुछ नहीं होने वाला है। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को एक नई अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपित की थी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मिसाइल अमेरिका के मुख्य भूभाग तक पहुंच सकती है।

## आईजी का निर्देश : शहर के कुछ खास इलाकों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

रायपुर,(आरएनएस)। शहर में अब तक हुए कई अपराधिक घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस अब शहर के कुछ चिन्हांकित स्थानों पर विशेष नजर रखेगी साथ ही इन इलाकों में पुलिस की सतत पेट्रोलिंग टीम गश्त करेगी। राजधानी रायपुर में बढ़ते अपराध को देखते हुए आईजी प्रदीप गुप्ता ने मंगलवार शाम को मातहतों की बैठक ली थी। बैठक में उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। बताया जाता है कि इस बैठक में उपस्थित पुलिस के सभी अफसरों को उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव और हर दिशा में काम तेज किया जाए। उन्होंने शहर के थानेदारों और सीएसपी को विशेष रूप से अपने-अपने इलाकों में सतत चौकसी बरतने तथा पेट्रोलिंग को बढ़ाने कहा है। बैठक में यह बात प्रमुख रूप से सामने आइ है कि विगत कुछ समय से शहर के कुछ खास इलाकों में ही अपराधिक गतिविधियों में इजाफा हुआ है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आईजी श्री गुप्ता ने अफसरों को इन खास इलाकों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया है। बताया जाता है कि अब शहर के इन खास इलाकों में पुलिस की पैनी नजर रहेगी और यहां पुलिस की टीम लगातार गश्त करेगी। इसके अलावा इन इलाकों का इनपुट लगातार मिले, पुलिस इस दिशा में विशेष काम करेगी। बैठक में एसपी संजीव शुक्ला, एएसपी सिटी विजय अग्रवाल, शहर के सभी सीएसपी अधिकतर थानों के थाना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में यह भी कहा गया कि पूर्व में घटित अपराधों की पुनः समीक्षा की जाए और ऐसे वारदातों में शामिल लोगों पर भी नजर रखी जाए।


न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़,पत्थलगांव लुड़ेग,कांसाबेल,कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ , छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090



** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.



सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
Our Vt.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org



सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां




शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है।
जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यकता है

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931